उत्तर प्रदेश शासन
नियोजन अनुभाग-1
संख्या-816/35-1-2023
लखनऊ: दिनांक: 21 सितम्बर, 2023

प्रदेश में ई-पब्लिक सर्विसेस वाया मोबाइल टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि क्षेत्र में प्रदान की जी रही वर्तमान सेवाओं को सुदृढ़ किये जाने हेतु राज्य सरकार एवं रिलायंस फाउन्डेशन के मध्य Memorandum ofUnderstanding (MoU)के प्रस्ताव पर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्रदान किया गया। इस Memorandum ofUnderstanding (MoU)का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि क्षेत्र में प्रदान की जा रही सेवाओं को सुदृढ़ किये जाने हेतु पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जनपद सीतापुर में बेसलाइन स्टडी के लिए एक उच्च स्तरीय फ्रेमवर्क का गठन किया जाना है। पायलेट प्रोजेक्ट के बेसलाइन स्टडी के पश्चात रिलायंस फाउन्डेशन व राज्य सरकार के मध्य आपसी सहमति के पश्चात तीन वर्षीय एक्शन प्लान हेतु विस्तृत Memorandum ofUnderstanding (MoU) पुन: किया जाएगा।

1. उक्त परियोजना के क्रियान्वयन एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में बेसलाइन स्टडी के पश्चात तीन वर्षीय एक्शन प्लान हेतु एक स्टेयरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा।
2. रिलायंस फाउन्डेशन MoU में निहित व्यवस्थानुसार सर्वप्रथम जनपद सीतापुर में पायलेट प्रोजेक्ट का कार्य किया जाएगा।
3. रिलायंस फाउन्डेशन के पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जनपद सीतापुर में बेसलाइन स्टडी तैयार किए जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कोई भी व्यय वहन नहीं किया जाएगा।
4. रिलायंस फाउन्डेशन Memorandum ofUnderstanding(MoU)में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के अधीन कार्य करेगा।

आलोक कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-816(1)/35-1-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. स्टाफ ऑफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. श्रीमती नीता अंबानी, चेयर पर्सन,रिलायंस फाउन्डेशन, मुम्बई, महाराष्ट्र।
4. **अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव**
   बेसिक शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा कृषि विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

6.प्रमुख सचिव,न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. प्रधान महालेखाकार (जनरल एण्ड सोशल सेक्टर आडिट), उ0प्र0, प्रयागराज।
8. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. मण्डलायुक्त, लखनऊ, उ0प्र0।
10. जिलाधिकारी, सीतापुर,उ0प्र0।
11. निदेशक, दीर्घकालीन योजना प्रभाग, नियोजन विभाग, लखनऊ।
12. निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, नियोजन विभाग, लखनऊ।
13. नियोजन अनुभाग- 1,2,3,4 व एस.टी.सी. अनुभाग-1 व 2
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

आशुतोष निरंजन
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।